# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
## <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 अगस्त 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पचपन करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश।
- हर घर में 13 से 15 अगस्त तक फहराया जाएगा तिरंगा। मुख्यमंत्री ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम और काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तैयारियों की समीक्षा की।
- कैबिनेट समिति ने प्रदेश के लिये 3 हाईस्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को दी मंजूरी : अयोध्या और कानपुर में रिंग रोड और आगरा ग्वालियर के बीच बनेगा छह लेन का कॉरिडोर।
- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो की चार दिवसीय प्रदर्शनी का नोएडा में किया उद्‌घाटन।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 55 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

श्री योगी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 7 वर्षों में बीआरडी मेडिकल कॉलेज में बहुत कुछ बदल गया है। अब यहां इंसेफेलाइटिस से मासूमों की मौत नहीं होती है। इस बीमारी को सरकार ने विभागीय समन्वय स्थापित करके समाप्त किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में आगे बढ़ चुका है।

***वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ चुका है। स्वाभाविक रूप से अकेले उत्तर प्रदेश में इस वर्ष लगभग साढ़े दस हजार से अधिक एमबीबीएस सीट्स पे एडमिशन होने है। यानी हम डॉक्टर्स की कमी को पूरा करने की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़े है और उस दिशा में जो प्रयास प्रारम्भ हुए वह सचमुच बहुत ऐतिहासिक है। कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है, लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान करना उसका अधिकार है और आज उस दिशा में कार्य प्रारम्भ हुआ हैं इन स्थितियों में आज जब हम लोग यहां पर बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जहां मेडिकल नये बन रहे है वहां तो हम सुविधाओं से उसको पूरा कर रही रहे हैं, लेकिन पुराने मेडिकल कॉलेजसको भी सुविधाओं से आच्छादित करना है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण अभियान के तहत एमबीबीएस और पैरामेडिकल छात्रों को चार सौ तिरासी टैबलेट और स्मार्टफोन भी वितरित किये।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि इस साल 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा फहराया जाएगा। साथ ही प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वर्ष पर्यंत धूमधाम से मनाएगी।

श्री योगी ने कल लखनऊ में उच्चस्तरीय बैठक में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव की शुरुआत 9 अगस्त से होगी। इस अवसर पर प्रदेश के शहीद स्मारकों, स्मृति स्थलों, अमृत सरोवरों के तट पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। समारोह में शहीदों के परिजनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया जाए। इन कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों, किशोरों, युवाओं का सहयोग और सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

**********

अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी की बेकरी अवैध पाए जाने पर कल उसे ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की टीम ने आरोपी की संपत्ति की कल पैमाइश की थी। इसके अलावा जिला महिला अस्पताल में पीड़ित परिजन को धमकाने के आरोप में भी कोतवाली नगर में एक और मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने कल अयोध्या के जिला महिला अस्पताल पहुंचकर पीड़िता से मुलाकात की। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया। उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़िता को पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। स्थानीय विधायक अमित सिंह चौहान ने पीड़िता के घर पहुंचकर उन्हें यह चेक सौंपा।

**********

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के संयुक्त मिशन 'गगनयान' के लिए चुने गए अंतरिक्ष यात्रियों में लखनऊ के रहने वाले कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है।

**********

वाराणसी में अग्निवीर सेना भर्ती रैली की शुरूआत आज से रणबांकुरे स्टेडियम में होगी। 21 अगस्त तक चलने वाली रैली में वे उम्मीदवार भाग लेंगे, जिन्होंने अप्रैल 2024 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम पास किया है। इस रैली में 12 जिलों मऊ, बलिया, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, गाजीपुर, संत रविदास नगर, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, जौनपुर और वाराणसी के अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

**********

वाराणसी के ज्ञानवापी प्रकरण में आज होने वाली सुनवाई टल गई। अब इस मामले में सुनवाई 17 अगस्त को होगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने उत्तर प्रदेश के लिए तीन हाईस्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं समेत कुल आठ परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान कर दी है। समिति ने अयोध्या और कानपुर के चारों तरफ रिंग रोड के निर्माण के साथ ही आगरा ग्वालियर के बीच छह लेन का कॉरिडोर बनाने को मंजूरी दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक नगरी अयोध्या में 68 किलोमीटर की चार लेन की रिंग रोड बनाई जायेगी। इसके निर्माण पर तीन हजार 935 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बनने से शहर के अंदर जहां वाहनों की संख्या कम होगी, वहीं रिंग रोड नेशनल हाईवे को सीधे जोड़ने का काम करेगी। इससे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचना भी आसान हो सकेगा। कानपुर में 47 किलोमीटर लम्बी छह लेन की रिंग रोड को मंजूरी दी गई है। इसके निर्माण पर तीन हजार 298 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह रिंग रोड लखनऊ कानपुर एक्सप्रेस–वे, गंगा एक्सप्रेस–वे को सीधे जोड़ने में मदद करेगी।

**********

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कल ग्रेटर नोएडा में इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो की 4 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यटन का क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभा सकता है।

***माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत को हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे है और मैं मानता हूं कि पर्यटन का क्षेत्र भारत को इस दिशा में आगे ले जाने के लिये बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। भारत में जिस तरह से संभावनाएं है, भारत की जिस तरह की विविधता है, भारत में जिस तरह से टूरिज्म के डिफरेंट ऑस्पैक्ट्स को केन्द्रित करने के लिये जितनी संभावायें है उन सब संभावनाओं के साथ–साथ एक तरफ जहां भारत को देखने का नजरिया विश्वभर का बदल रहा है और साथ ही साथ में भारत आने वाले समय में पर्यटन के क्षेत्र में सबसे ज्यादा प्रगति करने वाला देश बनेगा यह तय है। हम इसे और आग्रेनाइज तरीके से जिस तरह से आगे बढ़ा सके इसके लिये माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में उनके मार्गदर्शन में काम करेंगे।***

**********

प्रदेश सरकार ने नोएडा में मेट्रो एक्वा लाइन को एडवांस पैसेंजर इंफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम–पीआईडीएस से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत पहले से स्थापित इंफॉर्मेशन डिस्प्ले सिस्टम को रिप्लेस किया जाएगा और उसकी जगह नए सिस्टम को इंस्टॉल किया जाएगा। वहीं, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर में नए इंस्टॉलेशन व अपडेशन समेत अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में 11 करोड़ 27 लाख रुपए खर्च होंगे।

**********

प्रदेश के कई जनपदों में लगातार हो रही बारिश और विभिन्न बैराजों से पानी छोड़े जाने की वजह से कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। गंगा नदी, बदायूं में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। वहीं, घाघरा नदी बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में, शारदा नदी लखीमपुर खीरी में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे बह रही है। बदायूं में प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी करते हुए सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की टर्फ लाइन के अपनी मूल स्थिति में लौटने के बाद प्रदेश में बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है।

**********